कुल प्रश्नों की संख्या : 19]
Total No. of Questions : 19]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[Total No. of Printed Pages : 11

# 2112321

## विषय : गृह विज्ञान
## Subject : Home Science

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 75
[Maximum Marks : 75

***निर्देश:*** (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है और इसमें तीन खण्ड अ, ब, स हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1-1 अंक आवंटित है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 02 से 07 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक में 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 व 15 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 16 व 17 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 18 व 19 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक में 6 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

***Instructions :***

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 01 is objective type question and is divided into three parts. Part A,B,C. Each section have five questions and each question carry 1 mark. (Total 15 marks).

(iii) Question No. 02 to 07 are very short answer type questions and they carries 2 marks each. Maximum word limit of each answer is 30 words.

(iv) Question No. 08 to 13 are short answer type questions and they carries 3 marks each. Maximum word limit of each answer is 50 words.

(v) Question No. 14 and 15 are short answer type questions and they carries 4 marks each. Maximum word limit of each answer is 75 words.

(vi) Question No. 16 and 17 are long answer type questions and they carries 5 marks each. Maximum word limit of each answer is 150 words.

(vii) Question No. 18 and 19 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Maximum word limit of each answer is 250 words.

**( खण्ड-अ )**

**प्रश्न-1 ( अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

**(i) सूक्ष्म पोषक तत्त्व हैं -**

(अ) विटामिन, पानी

(ब) विटामिन, खनिज

(स) शर्करा, खनिज

(द) उपर्युक्त सभी।

**(ii) रखने से पहले हरी पत्तीदार सब्जियों को ....... में लपेटें -**

(अ) बाँसी कागज

(ब) गीला मलमल

(स) अखबार का कागज

(द) पॉलीथीन पैकेट।

**(iii) शर्बत बनाने में सामान्यतया प्रयुक्त परिरक्षक है -**

(अ) के.एस. (KS)

(ब) के.एस.एम. (KSM)

(स) के.एम.एस. (KMS)

(द) एस.के.एम. (SKM)

**(iv) कार्य सरलीकरण से -**

(अ) पैसा ज्यादा खर्च होता है।

(ब) कार्यस्थल की ऊँचाई कम होती है।

(स) समय और ऊर्जा की बचत होती है।

(द) उपकरणों का प्रयोग होता है।

(v) बच्चा अँगूठा चूसता है, क्योंकि वह -

(अ) ऊबा हुआ है।

(ब) असुरक्षित है।

(स) भयभीत है।

(द) ध्यान आकर्षित करना चाहता है।

## (Part-A)

**(A) Select the best choice and write -**

**(i) Micronutrient elements are -**

(a) Vitamin, water

(b) Vitamin, mineral

(c) Sugar, mineral

(d) All of the above.

**(ii) Before storing green leafy vegetables should be wrapped in -**

(a) Brown paper

(b) Moist muslin cloth

(c) Newspaper

(d) Polythene packet.

**(iii) The common preservative used in making squashes is -**

(a) KS

(b) KSM

(c) KMS

(d) SKM

**(iv) Work simplification leads do -**

(a) Spending more money

(b) Reducing work heights

(c) Saving time and energy

(d) Use of gadgets.

**(v) A child sucks his thumb because he is -**

(a) bored

(b) insecure

(c) scared

(d) asking for attention.

## ( खण्ड-ब )

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5]

(i) अपने कार्य को अधिक ............. बनाने के तरीके ढूँढें।

(ii) बाढ़, सूखा और तेज हवाओं को ............. आपदा कहते हैं।

(iii) मानक चिन्ह वाले किसी भी उत्पाद को खरीदने से उस उत्पाद की न्यूनतम ............. सुनिश्चित होती है।

(iv) मध्य बाल्यावस्था में बच्चे के मुँह में दाँतों की संख्या ............. होती है।

(v) तन्तु वस्त्र की ............. है।

## (Part-B)

**(B) Fill in the blanks -**

(i) Find more ................ ways of doing your work.

(ii) Floods, Famine and Strong winds are called ............... disasters.

(iii) Purchase of products with standardisation mark ensures that they are of a certain minimum ................

(iv) By middle childhood the number of teeth in a child mouth are ................

(v) Fibres are the ................ of a fabric.

## ( खण्ड-स )

**( स ) सत्य या असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(i) एक सामान्य आहार किसी भी रोगी की पोषण आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकता है।

(ii) जब आपकी आय ज्यादा हो तभी आय प्रबंधन की महत्ता होती है।

(iii) किशोरावस्था, बाल्यावस्था और प्रौढ़ावस्था के बीच का समय है।

(iv) मंदबुद्धिता का कारण लम्बी बीमारी है।

(v) मंजाई परिसज्जा वस्त्र को साफ करती है।

## (Part-C)

**(C) Write True or False -**

(i) The normal diet can meets nutritional needs of all sick individuals.

(ii) Management of income is important only when you have a more income.

(iii) Adolescence is the period between childhood and adulthood.

(iv) Mental retardation is caused by long illness.

(v) Scouring is used to clean the fabric.

**प्रश्न-2** गृहविज्ञान का अर्थ लिखिए। [2]

What is the meaning of Home Science ?

**प्रश्न-3** नीतियाँ क्या हैं ? कोई एक नीतिगत समस्या लिखिए। [1+1=2]

What are Ethics ? Write any one ethical problem.

प्रश्न-4 उपचारात्मक आहार का क्या अर्थ है ? [2]

What is meant by Therapeutic Diet ?

प्रश्न-5 पारिवारिक आय किसे कहते हैं ? आय के कोई दो स्रोत लिखिए। $[1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2]$

What is meant by family income ? Write any two sources of income.

प्रश्न-6 उपभोक्ता शिक्षा के क्या लाभ हैं ? (कोई 2) [1+1=2]

What are the benefits of consumer education ? (Any 2)

प्रश्न-7 वस्त्र परिसज्जा क्या है ? [2]

What is a textile finish ?

प्रश्न-8 खाद्य परिरक्षित करने के तीन कारण लिखिए। [3]

Give three reasons why we should preserve food ?

प्रश्न-9 घर पर बिजली संरक्षण आप कैसे करेंगे ? (कोई 3) [1+1+1=3]

How do conserve electricity at home ? (any three)

प्रश्न-10 किशोरावस्था में विद्यालय एवं शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए ? $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3]$

What should be the role of school and teachers during adoloscence ?

प्रश्न-11 एड्स क्या है ? इसके कोई दो लक्षण लिखिए। [3]

What is AIDS ? Give any two symptoms.

**प्रश्न-12** गर्मियों के लिए उपयुक्त वस्त्र का नाम और उसकी महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए। (कोई 4)

Name the fabric which is suitable for summer wear and state its important properties. (Any 4) $[1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=3]$

**प्रश्न-13** लघु तन्तु से सूत बनाने की प्रक्रिया समझाइए। [3]

Explain the process of making yarns from staple fibres.

**प्रश्न-14** भोजन पकाने के चार कारण लिखिए। [1+1+1+1=4]

Give four reasons for cooking.

*( अथवा )*

*(OR)*

गहरी व उथली विधि द्वारा तलने में अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Explain the difference between deep frying and shellow frying method with example.

**प्रश्न-15** ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोतों के उपयोग के लाभ लिखिए। (कोई चार) [1+1+1+1=4]

State the advantages of using non-conventional sources of energy. (Any 4)

*( अथवा )*

*(OR)*

सूक्ष्म जल परियोजना के चार लाभ लिखिए।

List four benefits of setting up a micro hydral project.

**प्रश्न-16** शर्करा तथा प्रोटीन के कार्य लिखिए। $[2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5]$

List the functions of carbohydrates and proteins.

*( अथवा )*

*( OR )*

विटामिन 'C' के कोई पाँच स्रोत ( साधन ) एवं इसके कोई पाँच कार्य लिखिए।

Write any five sources of Vitamin 'C' and any of its five functions.

**प्रश्न-17** बच्चों में व्यवहारगत समस्याओं के विषय में लिखिए। इसके कारण लिखिए। (कोई 4) [1+4=5]

Define behaviour problems in child. Give the causes. (any four)

***( अथवा )***

***( OR )***

संज्ञानात्मक विकास क्या है ? एक 11 वर्षीय बच्चे के संज्ञानात्मक विकास की क्या विशेषताएँ हैं ? लिखिए। (कोई 4)

What is cognitive development ? Give the cognitive characteristics of a 11 years old child. (Any 4)

**प्रश्न-18** संसाधन की परिभाषा दीजिए। संसाधन की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए। [1+5=6]

Define the term resources ? Give their characteristics. (any five)

***( अथवा )***

***( OR )***

स्थान प्रबंधन से आप क्या समझते हैं ? इसकी महत्ता समझाइए। (कोई पाँच)

What do you understand by space organisation ? Explain its significance. (Any five)

**प्रश्न-19** निम्न की धुलाई में क्या अन्तर है - [2+2+2=6]

(अ) रेशमी और ऊनी वस्त्र

(ब) सफेद व रंगीन सूती वस्त्र

(स) नायलॉन व पोलिएस्टर।

Point out the diffferences in washing the following -

(a) Silk and Wool

(b) White and Coloured Cottons

(c) Nylon and Polyester.

***( अथवा )***

***( OR )***

**निम्नलिखित दाग को कैसे छुड़ाएँगे -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | स्याही का दाग | - | रेशमी वस्त्रों पर |
| (ब) | चाय-कॉफी का दाग | - | सूती वस्त्रों पर |
| (स) | रक्त का दाग | - | सूती वस्त्रों पर |

**How will you remove the following stains from -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Ink of ball pen | - | Silk cloths |
| (b) | Tea, coffee | - | Cottons cloth |
| (c) | Blood | - | Cottons cloth. |

★★★